# समाधान शिविर में मिला वय वंदन, आयुष्मान एवं सिकल सेल कार्ड, इलाज में होगी सहूलियत

- कृषकों को मिला राजस्व संबंधी दस्तावेज, कृषि कार्य में होगी आसानी
- महिला स्व-सहायता समूहों को तालाब पट्टा एवं जाल मिलने से समूह होगी आर्थिक रूप से सशक्त
- हितग्राहियों को मिली आवास की प्रतीकात्मक चाबी, पक्के आवास का सपना हुआ पूरा, दिक्कतें हुई दूर
- समाधान शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिले में लगने वाले समाधान शिविर के माध्यम से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विभागीय योजनाओं से लगातार लाभान्वित किया जा रहा है।

सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में रायगढ़ के जामगांव, खरसिया के बिलासपुर, लैलूंगा के बगुडेगा, धरमजयगढ़ के हाटी एवं रायगढ़ नगरीय निकाय अंतर्गत गौशाला पारा सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

खरसिया के बिलासपुर में जन सामान्य की सुविधा के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 8 कृषकों को किसान किताब की द्वितीय प्रति, बी-1, ऋण पुस्तिका जैसे दस्तावेज प्रदान किया गया। कृषक गिण्डोला निवासी टीका राम नायक, तिलईपाली निवासी राधा बाई एवं जैमुरा निवासी धनेश्वर प्रसाद कहा कि राजस्व संबंधी दस्तावेज प्राप्त होने से कृषि संबंधी कार्य में आसानी होगी। इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को फलदार वृक्ष, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई एवं अन्नप्रासन करवाया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 वृद्धजन को वय वंदन कार्ड, 05 लोगों को आयुष्मान कार्ड एवं 07 को सिकल सेल कार्ड वितरित किया गया। वय वंदन कार्ड से लाभान्वित गणपत लाल डनसेना, मुरलीधर एवं मोहनलाल डनसेना कहा कि वृद्ध जनों के लिए यह योजना महत्वपूर्ण है। इससे अब ईलाज में सहूलियत होगी। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित शशिकला महंत, राधिका साहू तथा सिकल सेल कार्ड से लाभान्वित उमाशंकर साहू एवं पवन साहू ने कहा कि स्वास्थ्य कार्ड बन जाने से स्वास्थ्यगत सुविधाएं आसानी से मिल पाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा 15 विद्यार्थियों को जाति, आय प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह को एक नग जाल वितरण तथा बिहान महिला स्व-सहायता समूह लोढ़ाझर को तालाब पट्टा आदेश वितरित किया गया। लाभान्वित महिला स्व-सहायता समूह ने कहा कि शासन की योजना से उन्हें आर्थिक रूप संबल और आत्मनिर्भर बनाने का मौका मिल रहा है। श्रम विभाग द्वारा पांच हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड वितरित किया गया। इसी प्रकार बिलासपुर की गीताबाई यादव एवं अमृता बाई चौहान को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। हितग्रहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की पीएम आवास योजना से आज उनके पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। कच्चे मकान में पहले काफी दिक्कतें होती थी, लेकिन अब पक्का आवास मिलने से वे सभी दिक्कतें दूर हो गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सतबाई छोटे लाल पटेल, महेश साहू, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, तहसीलदार लोमस मिरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत रायगढ़ के जामगांव ग्राम पंचायत में 16 ग्राम पंचायतों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पात्र हितग्राहियों को उनके मांग अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 2 हितग्राही को राशन कार्ड, 6 हितग्राही को पीएम आवास आवास की चाबी, 5 हितग्राही को महात्मा गांधी नरेगा जॉब कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 2 हितग्राही को स्प्रिंकलर पंप, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में कुल 310 आवेदन प्राप्त करने के साथ ही निराकरण भी शिविर स्थल में किया गया।

शिविर में जनपद अध्यक्ष रायगढ़ सुजाता सुखलाल चौहान, उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना, जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, जनपद सदस्य सुखलाल चौहान, सरपंच ग्राम पंचायत जामगांव कमल चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार रायगढ़ नगरीय निकाय अंतर्गत गौशाला पारा सामुदायिक भवन में आयोजित समाधान शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मौके पर पात्र 7 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समाधान शिविर में राशन कार्ड के बन जाने से अब खाद्यान्न की दिक्कत नहीं होगी। इसी प्रकार विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन की सुशासन तिहार से उनके विभिन्न प्रकार के घर पहुंच हो रहे है वहीं विभागीय योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है।

बगुडेगा और हाटी में लगा समाधान शिविर, पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

लैलूंगा के बगुडेगा तथा धरमजयगढ़ के हाटी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विभागीय अधिकारियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं विभागीय योजना की जानकारी प्रदान की। मौके पर मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए एवं शिविर में पात्र हितग्रहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

**15 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर**

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 15 मई को जिले के 02 स्थानों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इसमें पुसौर के छपोरा एवं धरमजयगढ़ के खड़गांव शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गोपनीय सैनिक ने गोली मारकर आत्महत्या की

**सुकमा (आरएनएस)।** सुकमा जिले में आज सुबह लगभग 9:30 बजे एक दुखद घटना सामने आई, जहाँ कैंप में तैनात एक गोपनीय सैनिक ने अपनी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर कैंप में हडक़ंप मच गया। आनन-फानन में सैनिक सोढ़ी सोमडा को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आत्महत्या के कारणों की जाँच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2215 पदों पर लिखित परीक्षा 22 जून को

**पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई**

**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ होमगार्ड विभाग ने महिला नगर सैनिक (छात्रावास ड्यूटी) के 1715 पदों और नगर सैनिक (जनरल ड्यूटी) के 500 पदों सहित कुल 2215 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है। वर्ष 2024 में सम्पन्न शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा के बाद कुल 20,137 पात्र अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा हेतु किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट पर जाकर विभाग द्वारा प्रदत्त एप्लीकेशन आईडी और जन्मतिथि के माध्यम से पंजीयन करना आवश्यक है। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई 2025, शाम 5:00 बजे तक है। प्रवेश पत्र 13 जून 2025 (शुक्रवार) को जारी किए जाएंगे। लिखित परीक्षा रविवार 22 जून 2025 को आयोजित होगी। जो अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक पंजीयन नहीं करेंगे, वे लिखित परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी और इस विषय में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को कैबिनेट की मंजूरी

- शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय
- अभाव ग्रस्त कलाकारों, साहित्यकारों की पेंशन में वृद्धि

**रायपुर | आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए -जिसमें मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता ज्ञान संचालन करने का महानिर्यण लिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों गुणवत्ता सुधार के लिए लागू किया जायेगा, दुर्ग साहित्य और कला क्षेत्र में काम करने वाले कलाकारों को मानसिक वृत्ति सहायता (पेंशन) बढ़ाई जायेगी।

मंत्रिपरिषद के बैठक के पश्चात कैबिनेट के बैठक की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के शासकीय विद्यालयों में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन करने का अहम निर्णय लिया गया। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पालक-शिक्षक सहभागिता बढ़ाने और शैक्षणिक उपलब्धियों को उन्नत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। अभियान के तहत विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण कर गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। कमजोर शालाओं की नियमित मॉनीटरिंग विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। मॉडल शालाओं का चयन कर, कमजोर शालाओं के शिक्षकों को वहाँ शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। पालक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) के माध्यम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में वृद्धि के लिए कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं में सुधार किया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने साहित्य और कला के क्षेत्र में राज्य के अर्थाभावग्रस्त कलाकारों और साहित्यकारों के लिए एक बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। विधानसभा बजट सत्र में की गई घोषणा के परिपालन में अब कलाकारों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता (पेंशन) को 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसके लिए संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालित वित्तीय सहायता योजना नियम-1986 में संशोधन के प्रस्ताव का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। इससे उन कलाकारों और साहित्यकारों को आर्थिक संबल मिलेगा, जो आजीविका के लिए संघर्षरत हैं। यह योजना वर्ष 1986 में प्रारंभ की गई थी, तब न्यूनतम सहायता राशि 150 रुपये और अधिकतम 600 रुपये निर्धारित थी। बाद में वर्ष 2007 में इसे बढ़ाकर 1500 रुपये और फिर 2012 में 2000 रुपये किया गया। लेकिन पिछले 12 वर्षों में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। वर्तमान में राज्य में कुल 162 कलाकारों को यह पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में हर कलाकार को सालाना 24 हजार रुपये पेंशन मिल रही है, जो संशोधन के बाद बढक़र 60 हजार रुपये हो जाएगी। इससे कुल वार्षिक व्यय 38.88 लाख रुपये से बढक़र 97.20 लाख रुपये हो जाएगा, जिससे राज्य पर 58.32 लाख रुपये का अतिरिक्त वार्षिक भार आएगा।

## अंडमान पहुंचा मानसून, एक जून को केरल पहुंचने की संभावना

**रायपुर | आरएनएस**

आईएमडी के अनुसार 13 एवं 14 मई की रात को बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर के कुछ क्षेत्रों में दक्षिण पश्चिम मानसून पहुंच चुका है। निजी एजेंसी के अनुसार एक जून को केरल मानसून पहुंचने की संभावना है। आमतौर पर मौसम विभाग द्वारा केरल मानसून पहुंचने पर ही भारत में मानसून आने की घोषणा की जाती है। जबकि आईएमडी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून अंडमान निकोबार द्वीप समूह एवं अंडमान सागर के कुछ क्षेत्रों से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अगले तीन से 4 दिनों के भीतर मानसून आगे बढ़ेगा। दक्षिणी अंडमान सागर दक्षिण पूर्वी बंगाल खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह के अधिकांश हिस्सों में पहुंचेगा। अंडमान सागर के ऊपर 13-14 की रात पछुआ हवाएं जोर-जोर से चली, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आंधी आने का एहसास लोगों को महसूस हुआ। समुद्रतल से 1.5 से ऊपर की हवा गति 20 समुद्र्री मील से अधिक हो गई है। जिससे साथ ही क्षेत्रों 4.5 किमी की हवा की गति पाई गई। आईएमडी ने बताया कि अभी दिल्ली में गर्मी से राहत की संभावना नहीं है। आसपास के प्रदेश राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि के तापमान में फेर-बदल की संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री तक रहेगा। 16 मई को देश के कुछ राज्यों में बारिश की संभावना जताई गई है। आने वाले 48 घंटों में छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

# चक्रधरनगर पुलिस ने बाइक पर शराब तस्करी करते आरोपी को पकड़ा, 15 लीटर महुआ शराब व बाइक जब्त

- आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

**रायगढ़**



रायगढ़ जिले के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 15 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी अनिल उरांव, पिता स्व. नत्थुलाल उरांव, उम्र 24 वर्ष, निवासी मधुबनपारा दुर्गा मंदिर के पास, थाना सिटी कोतवाली को गोवर्धनपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी अपने पल्सर मोटरसाइकिल में महुआ शराब लेकर परिवहन करते हुए पकड़ा गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक पल्सर मोटरसाइकिल की अगली हिस्से में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर गोवर्धनपुर पुलिया के रास्ते से ले जा रहा है। सूचना मिलते ही टीआई अमित शुक्ला ने तत्काल प्रधान आरक्षक संजय तिवारी को पेट्रोलिंग टीम के साथ मौके पर रवाना किया। 13-14 मई की रात्रि को गोवर्धनपुर पुलिया पर घेराबंदी कर आरोपी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 15 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। साथ ही उसके पास से रु.3,000 नकद और परिवहन में प्रयुक्त लाल-काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल (CG 13 UC 9437), जिसकी अनुमानित कीमत रु.70,000 है, जब्त की गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। जब्त कुल संपत्ति का मूल्य लगभग रु.73,000 है। इस पूरी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय तिवारी के साथ आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे और मीनकेतन पटेल की प्रमुख भूमिका रही।

## नदी के पानी में डूबने से हुई एक शावक हाथी की मृत्यु

**रायगढ़ | आरएनएस**

रायगढ़ जिले के रायगढ़ वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र घरघोड़ा के ग्राम छर्राटांगर नवापारा टेण्डा, अमलीडीह, डेहरीडीह, चारमार, कटंगडीह में कुल 42 हाथियों का दल विचरण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्रों में प्रतिदिन परिसर रक्षक एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा हाथियों की ट्रेकिंग किया जा रहा है। 13 मई 2025 को ट्रेकिंग के दौरान कक्ष क्रमांक 1271 आरक्षित वन कटंगडीह परिसर के कुरकुट नदी स्थानीय नाम (मछलीछिचा) के पास पानी में एक रास शावक हाथी उम्र लगभग 3 से 4 माह का मृत अवस्था में पाया गया। उक्त मृत हाथी का पशु चिकित्सकों के दल द्वारा शव परीक्षण उपरांत नदी के किनारे खड़ी पथरीला चट्टान में चढऩे के दौरान पैर फिसलने से सिर के भार गिरने से सिर का हड्डी (फ्रांटल बोन)टूटने से बेहोश होकर नदी के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होना बताया गया। मृत शावक हाथी का पशु चिकित्सकों एवं वन अमला के उपस्थिति में दफन किया गया एवं वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने भूमि आबंटन को पारदर्शी बनाने मंत्रीपरिषद की मंजूरी

- हाईटेक खेती को दिया जाएगा, बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए दिए जाऐंगे अवसर

**रायपुर | आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय क ी अध्यक्षता में मंत्री बैठक में उद्योगिक विकास देने और भूमि आबंटन प्रक्रिया के पारदर्शी बनाने के लिए नियम में संशोधन किया गया है।

मंत्री बैठक की जानकारी उपमुख्यमंत्री अरूण साय ने बताया कि औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 में संशोधन में प्रस्ताव किया गया है। हाईटेक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा इस संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी, इससे औद्योगिक निवेशकों को भूमि आबंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में कई महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी है। इससे राज्य की औद्योगिक नीति और अधिक रोजगारपरक, व्यापक और उद्यमों के लिए लाभकारी हो जाएगी। प्रस्तावित संशोधन से राज्य में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे साथ ही आधुनिक खेती से लेकर खिलौना उद्योग तक को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं को मिलेगा रोजगार - नई नीति के तहत जिन कंपनियों में छत्तीसगढ़ के लोगों को नौकरी मिलेगी, उन्हें सरकार की तरफ से अनुदान मिलेगा।

हाइटेक खेती को बढ़ावा - अब हाइड्रोपोनिक और ऐयरोपोनिक जैसी आधुनिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को नई तकनीक, जैसे ऑटोमेशन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का फायदा मिलेगा। युवाओं के लिए ट्रेनिंग और खेल की सुविधाएं - राज्य में खेल अकादमी और निजी प्रशिक्षण केंद्रों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे युवाओं को बेहतर ट्रेनिंग और करियर के अवसर मिलेंगे। गुणवत्ता पूर्ण विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग और सर्विस सेंटर को सभी विकासखण्ड समूहों में मान्य किया जाएगा। पर्यटन और होटल व्यवसाय को बढ़ावा - बस्तर और सरगुजा संभाग में होटल और रिसॉर्ट बनाने के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा घटा दी गई है, जिससे इन इलाकों में पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

कपड़ा उद्योग को दोगुना प्रोत्साहन - टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश करने पर अब 200 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे सिलाई, कढ़ाई और बुनाई जैसे काम करने वालों को भी फायदा मिलेगा।

लॉजिस्टिक हब बनेगा छत्तीसगढ़ - अब राज्य के हर हिस्से में माल ढुलाई और व्यापार को आसान बनाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति लाई जाएगी। इससे व्यापारियों को फायदा होगा और बाजारों तक पहुंच आसान होगी। दिव्यांगजनों को विशेष लाभ - दिव्यांगजनों की परिभाषा को नया रूप दिया गया है ताकि उन्हें ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज, निजी औद्योगिक पार्क के लिए अधोसंरचना अनुदान में बढ़ोत्तरी तथा प्लग एंड प्ले फैक्ट्री निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में इज आफ लिविंग को बढ़ावा देने हेतु, न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से 12वीं निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल एवं मल्टिप्लेक्स युक्त मिनी मॉल से वंचित प्रदेश के नगरीय क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से भिन्न विकासखण्ड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्र में प्रथम तीन इकाई को थ्रस्ट सेक्टर की भांति सम्मिलित किया जाएगा।